कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार, पटना

(OFFICE OF THE PR. ACCOUNTANT GENERAL (AUDIT), BIHAR, PATNA)

पत्र सं.- सा.अनु. (ले०प०)/कार्यालय आदेश/26-27/ T8 NO - 01 दिनांक: 01.04.2026

कार्यालय आदेश

(OFFICE ORDER)

आदेशानुसार, पूर्व में निर्गत कार्यालय आदेश संख्या- पत्र सं.- I(ले०प०)/प्रशासनिक आदेश/25-26/प-98 दिनांक: 25.06.2025, जो कि ड्रेस कोड से संबंधित है, के अनुपालन में इस कार्यालय में कार्यरत MTS कर्मियों द्वारा शिथिलता बरतने की घटना को सक्षम अधिकारी द्वारा गंभीरता से लिया गया है| अतः पुनः निदेशित किया जाता है कि कार्यालय में कार्यरत सभी मल्टी टास्किंग स्टाफ (MTS) कर्मियों को कार्यालय में निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। यह निर्णय कार्यालय में एकरूपता एवं अनुशासन बनाए रखने की दृष्टि से लिया गया है।

अतः सभी संबंधित मल्टी टास्किंग स्टाफ (MTS), जिन्हें ड्रेस अलाउंस उपलब्ध कराया जाता है, से अपेक्षा की जाती है कि वे उक्त निर्देशों का पूर्णतः पालन करें| ड्रेस कोड का उल्लंघन, कार्यालय अनुशासन का उल्लंघन माना जाएगा, जिसके लिए आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

MTS कर्मियों हेतु निर्धारित ड्रेस कोड निम्नानुसार है:

- **पुरुष MTS**: नेवी ब्लू (Navy Blue) ट्राउजर, सफेद (White) शर्ट, काला बेल्ट (Black belt) एवं काला जूता (Black shoes)
- **महिला MTS:** उपर्युक्त रंग (नेवी ब्लू एवं सफेद) की साड़ी / सूट-सलवार

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

हस्ताक्षरित/-

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (प्रशासन)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषितः

1. प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार, पटना का सचिवालय।
2. सभी वरिष्ठ उप महालेखाकार / उप महालेखाकार का सचिवालय।
3. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी / सभी संबंधित अनुभाग।
4. आईटी सेल / एएमएस अनुभाग से अनुरोध है कि कार्यालय आदेश को कार्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. सूचना पट्ट।